चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/ 519
दिनांक : 25.3.2023

विज्ञप्ति

विषय : एलएल0बी0 विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–2022 के पेपर कोड–K3005 एवं पेपर कोड– K5005 की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

संज्ञान में आया है कि एलएल0बी0 विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2022 की परीक्षा के प्रयोगात्मक परीक्षा के ऑनलाईन पोर्टल पर तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर के एक विषय के दो पेपर कोड क्रमशः K3005 व K3005P एवं K5005 एवं K5005P प्रदर्शित हो रहे हैं। इससे महाविद्यालयों/संस्थानों में यह दुविधा है कि तृतीय व पंचम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक किस कोड में अपलोड किये जाय।

महाविद्यालयों/संस्थानों में व्याप्त उक्त संशय को दूर करते हुए एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा त्रुटिवश प्रदर्शित हो रहे पेपर कोड क्रमशः K3005P एवं K5005P को पोर्टल से हटाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

अतः महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से अनुरोध है कि शीघ्रातिशीघ्र प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक पेपर कोड क्रमशः K3005 एवं K5005 पर अपलोड करने का कष्ट करें।

यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पेपर कोड–K3005P एवं K5005P पर प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड किये गये हैं तो उन अंकों को सही पेपर कोड क्रमशः K3005 एवं K5005 पर अपलोड कराते हुए अंकपर्ण की दो प्रतियां गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि शीघ्रातिशीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

25.3.2023

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक को कुलसचिव/परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. मैसर्स, मस्कॉट सॉफ्टवेब सोल्यूशन प्रा0लि0 को अनुपालनार्थ।
6. मैसर्स, एन0आई0पी0एल0 को अनुपालनार्थ।
7. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले जिलों के सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)